दिनांक–23.08.2024
समय–7.10एएम
प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पौलेंड की यात्रा का बताया एतिहासिक और सफल।
- देश आज मना रहा है पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस। प्रदेश में भी कई कार्यक्रमों के आयोजन।
- मुख्यमंत्री ने कहा– ग्वालियर–चंबल क्षेत्र में निवेश की सबसे बड़ी संभावना।
- कुश्ती में अंडर–17 विश्वचैंपियनशिप में भारत की महिला पहलवानों ने जीते चार स्वर्ण पदक।

प्रधानमंत्री – पोलैंड यात्रा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पोलैंड की ऐतिहासिक यात्रा कल संपन्न हो गयी। श्री मोदी ने इस दौरान वारसॉ में पोलैंड के प्रधानमंत्री डॉनल्ड टस्क और राष्ट्रपति आंद्रेज सेबेस्टियन डूडा के साथ बैठक की। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि इस यात्रा से एक मूल्यवान मित्र के साथ सहयोग बढाने का अवसर मिला। विदेश मंत्रालय ने कहा कि प्रधानमत्री मोदी की पोलैंड यात्रा ने द्विपक्षीय संबंधों में नई उपलब्धि हासिल की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा कि चार दशकों बाद प्रधानमंत्री की यह उच्च स्तरीय यात्रा भारत और पोलैंड के बीच संबंधों को व्यापक और प्रगाढ बनाएगी। पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क ने दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की 70वीं वर्षगांठ पर श्री मोदी की मेजबानी करने को बड़ा सौभाग्य बताया। प्रधानमंत्री मोदी ने पोलैंड की कंपनियों को 'मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड' पहल में शामिल होने के लिए भी आमंत्रित किया।

राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस

देश भर में आज पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु नई दिल्ली में भारत मंडपम में मुख्य समारोह का उद्घाटन करेंगी। राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के इस वर्ष का विषय है, चंद्रमा का स्पर्श करते हुए जीवन के प्रति सजग होना : भारत की अंतरिक्ष गाथा है। इस अवसर पर राष्ट्रपति रोबोटिक्स चैलेंज और भारतीय अंतरिक्ष हैकथॉन के विजेताओं को सम्मानित करेंगी।

प्रदेश में भी इस अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। केंद्रीय संचार ब्यूरो, भोपाल के द्वारा पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 में अंतरिक्ष एवं चंद्रयान मिशन से संबंधित विषय पर फोटो प्रदर्शनी और जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। अंतरिक्ष से संबंधित भारत की उपलब्धियों पर केंद्रित व्याख्यान का भी आयोजन होगा। कार्यक्रम में अंतरिक्ष एवं इससे जुड़े विभिन्न विषयों पर आधारित निबंध प्रतियोगिता, प्रश्न मंच, व्याख्यान आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। भोपाल के आंचलिक विज्ञान केन्द्र में डॉक्टर मयंक वाहिया भारतीय अंतरिक्ष कार्यकम अतीत, वर्तमान और भविष्य विषय पर व्याख्यान देंगे। शिवपुरी जिले के स्कूलों में इस मौके पर सभी स्कूलों में व्यापक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। अंतरिक्ष विज्ञान पर केन्द्रित सम्मेलन, कार्यशाला और प्रदर्शनी आयोजित की जायेंगी। पन्ना जिले के स्कूलों में आज अंतरिक्ष विज्ञान पर केन्द्रित सम्मेलन, कार्यशाला और प्रदर्शनी आयोजित की जायेंगी।

राखी–मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने झाबुआ की दो लाख बहनों द्वारा भेजे गए रक्षा–सूत्र भेंट किए। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को राखी भी बांधी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने झाबुआ की बहनों का आभार व्यक्त करते हुए

कहा कि उनके द्वारा राखी स्वरूप में जताया गया स्नेह मेरी अमिट पूंजी है।उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा लाड़ली बहनों को 1250 रुपए के अतिरिक्त, रक्षाबंधन के उपहार के रूप में 250 रूपए की शगुन राशि भी प्रदान की गई थी। झाबुआ क्षेत्र की लगभग 2 लाख लाड़ली बहनों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आभार व्यक्त करने के लिए रक्षा सूत्र बनाएं।

निवेश ग्वालियर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि ग्वालियर–चंबल क्षेत्र पूरे प्रदेश में निवेश के लिये सबसे अच्छी व बड़ी संभावनाओं वाला क्षेत्र है। ग्वालियर नईदिल्ली के नजदीक होने के साथ–साथ उत्कृष्ट हवाई, रेलवे व सड़क सेवाओं से पूरे देश से जुड़ा है। मुख्यमंत्री ने कहा उन्हे विश्वास है कि ग्वालियर में 28 अगस्त को आयोजित होने जा रही "रीजनल इण्डस्ट्री कॉन्क्लेव" से इस क्षेत्र के लिए बड़ा औद्योगिक निवेश प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कल ग्वालियर व चंबल संभाग के जिलों के उद्योगपतियों व औद्योगिक संगठनों के पदाधिकारियों से वर्चुअल संवाद कर रहे थे। केन्द्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया वर्चुअल रूप से इस बैठक में शामिल हुए। ग्वालियर कलेक्ट्रेट के एनआईसी कक्ष में विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री  राकेश शुक्ला एवं सांसद  भारत सिंह कुशवाह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण मौजूद थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्वालियर–चंबल अंचल के बीहड़ क्षेत्र की जमीन पर डिफेन्स सेक्टर में निवेश के लिये विशेष प्रयास किए जायेंगे। इसके लिए केन्द्रीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह से जल्द ही चर्चा की जायेगी। उन्होंने कहा अडानी समूह व अन्य बड़े–बड़े उद्योगपतियों ने डिफेंस सेक्टर में निवेश करने के लिये रुचि दिखाई है। केन्द्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है जिसमें रीजनल स्तर पर इण्डस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित की जा रही हैं। इससे देशभर के उद्योगपतियों में सकारात्मक संदेश गया है।

तेंदूपत्ता बोनस–मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल श्योपुर जिले के कराहल में आयोजित कार्यक्रम में तेंदूपत्ता प्रदेश के 30 लाख तेंदूपत्ता संग्राहकों को वर्ष 2023 की 115 करोड़ रूपये की बोनस राशि का वितरण किया। इसके साथ ही श्योपुर में मेडिकल कॉलेज की सौगात दी मुख्यमंत्री ने श्योपुर में शबरी माता मंदिर बनाए जाने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नगर पंचायत कराहल का भवन भी शीघ्र तैयार किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री  नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास का कारवां देश एवं प्रदेश में चल रहा है। उन्होंने 37 करोड़ 67 लाख रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण/भूमि पूजन किया। उन्होंने बताया कि प्रदेश में वर्ष 2007 तक तेंदूपत्ता संग्राहकों को 750 रुपए प्रति मानक बोरा दिए जाते थे, जिसे बढ़ाकर अब 4000 रूपये प्रति मानक बोरा निर्धारित किया गया है। प्रदेश के 30 लाख तेंदूपत्ता संग्राहकों के 13 लाख परिवारों को 953 रूपये प्रति मानक बोरा की दर से बोनस का वितरण किया जा रहा है। प्रदेश में वनोपज समितियां के प्रबंधकों का मानदेय बढ़ाने की घोषणा की है।

बारिश/मौसम

प्रदेश में एक बार फिर तेज बारिश का दौर शुरू हो गया है। भोपाल में कल रात से लगातार बारिश हो रही है। वहीं बालाघाट के परसवाड़ा में 5 इंच, रीवा के हनुमाना और ग्वालियर के घांटीगांव में 4 इंच बारिश हुई। छिंदवाड़ा सहित कई अन्य जिलों में तेज बारिश जारी है। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तेज बारिश का अलर्ट जारी करते हुए सीहोर, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, खंडवा, अलीराजपुर, झाबुआ सहित 8 जिलों के लिये भारी बारिश का ओरेंज अलर्ट जारी किया है।

नीरज चोपड़ा

नीरज चोपड़ा स्विट्जरलैंड में लुसाने डायमंड लीग प्रतियोगिता में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में दूसरे स्थान पर रहे। नीरज ने अपने सीज़न का सर्वश्रेष्ठ 89 दशमलव चार–नौ मीटर तक भाला फेंका। पीटर्स एंडरसन 90 दशमलव छह–एक मीटर के साथ पहले नम्बर पर रहे। डायमंड लीग में नीरज पांचवीं बार भाग ले रहे हैं। जर्मनी के जूलियन वेबर 87 दशमलव शून्य–आठ मीटर के साथ तीसरे स्थान पर रहे। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी जैकब वाडलेज्च सातवें स्थान पर रहे।

कुश्ती–अंडर–17 विश्व चैंपियन

कुश्ती में अंडर–17 विश्व चैंपियनशिप में भारत की महिला पहलवानों के शानदार प्रदर्शन से चार पहलवानों ने आज अम्मान, जॉर्डन में स्वर्ण पदक जीते और दो अन्य स्वर्ण पदक की दौड़ में हैं।

43 किग्रा में अदिति कुमारी, 57 किग्रा में नेहा और 65 किग्रा में पुलकित और 73 किग्रा में मानसी लाठेर ने अपने–अपने वर्ग में विश्व खिताब जीते।

69 किग्रा में काजल और 46 किग्रा में श्रुतिका शिवाजी पाटिल भी फाइनल में स्वर्ण पदक मुकाबलों में हिस्सा लेंगी।

भारत ने ग्रीको रोमन शैली में 51 किग्रा में रौनक दहिया और साईनाथ पारधी ने कांस्य पदक जीते।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- भोपाल के हमीदिया चिकित्सालय को एनएबीएच द्वारा 5 वर्षों की पूर्णकालिक मान्यता के साथ 1820 बिस्तरों वाला भारत का पहला शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय बनने का गौरव प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस उपलब्धि के लिए विभाग के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी है।
- प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शासकीय विद्यालयों में शैक्षणिक व्यवस्था के लिये अतिथि शिक्षक आमंत्रण की कार्यवाही की जा रही है। अब यह कार्यवाही अनिवार्य रूप से 24 अगस्त तक पूरी किये जाने के लिये कहा गया है।
- राज्यसभा उप निर्वाचन–2024 के निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार 21 अगस्त तक प्राप्त सभी नाम निर्देशन–पत्रों की कल जांच की गई। इसके बाद 02 अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन–पत्र विधिमान्य पाए गये। मतदान 3 सितम्बर को होगा।
- बैतूल जिले में अवैध उत्खनन के विरूद्ध चलाई जा रही मुहिम के तहत खनिज विभाग ने खनिज रेत एवं गिट्टी का अवैध परिवहन करते तीन डम्परों तथा एक ट्रैक्टर ट्राली पर कार्रवाई की गई है।
- राज्य बाल संरक्षण आयोग की सदस्य डा. निशा श्रीवास्तव ने कल आगरमालवा जिले के ग्राम थड़ौदा एवं नलखेड़ा में आंगनवाड़ी केंद्र पर पहुंचकर दी जा रही सेवाओं की जानकारी ली। ।
- छिंदवाड़ा में केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्री दुर्गादास उईके आज सुबह 11 बजे सर्किट हाउस पहुंचेगे और कई कार्यकमों में शामिल होंगे।
- बैतूल कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी द्वारा पंचायतों के उप निर्वाचन 2024 के अनुक्रम में निर्वाचन प्रभावित वार्डों में आचार संहिता की घोषणा की गई है।
- बालाघाट में वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए समय–समय पर नागरिको को नदी–नाले ,झरने तालाब से दूर रहने की हिदायत दी गई है।

.................................